DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



# भाग – IV

## भाषा – I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश – नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा जो व्यवहार होता है, उसी के अनुसार फल भी मिलता है । जो समाज और संवेदना की नीतिमूलक स्थापनाओं को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाता है, वही शांति पाने का हकदार होता है । महावीर, बुद्ध, क्राइस्ट, नानक, गाँधी अगर हमारे जीवन पर विराजमान हैं तो इसमें उनकी सदाशयता, निरहंकार और व्यवहार का योगदान है । वे जिए समस्त प्राणियों, प्रकृति और सृष्टि के लिए । उनके मन में किसी के लिए रत्ती भर भी भेद-भाव नहीं रहा । अहंकार को विवेक से ही हटाया जा सकता है । गाँधीजी ने गुलामी से आज़ादी, मनुष्यता की सेवा और विवेक से मित्रता को अपना लक्ष्य बनाया । सबके प्रति समान दृष्टि का ही भाव और व्यवहार था कि गाँधी विश्व नेता बने । गीता में कहा गया है कि जो समस्त प्राणियों के हित में सदा संलग्न रहता है, सबका मित्र होता है । महावीर सत्य की साक्षात अनुभूति में मैत्री की अनिवार्यता की घोषणा करते हैं । यह अनुभूत सत्य है कि जो अपना मित्र होगा, वह हर किसी का मित्र होगा । आप भी इसे आज़मा कर देखें । महसूस होने लगेगा कि जिस शांति के लिए भटक रहे हैं, वह कहीं बाहर नहीं आपके अंदर ही है ।

**91. इनमें से किसे गाँधीजी ने अपना लक्ष्य नहीं बनाया ?**

(1) गुलामी से आज़ादी

(2) मनुष्यता की सेवा

(3) विवेक से मित्रता

(4) गुलामों से आज़ादी

**92. अनुच्छेद के अनुसार किसे अपने व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए ?**

(1) समाज और संवेदनाओं के नैतिक मूल्य

(2) गुरु नानक देव की शिक्षाएँ

(3) सत्य और असत्य की परिभाषा

(4) अहंकार और विवेक की परिभाषा

**93. गाँधीजी विश्व-नेता बने, क्योंकि –**

(1) उन्होंने सत्याग्रह किया ।

(2) वे स्वतंत्रता आंदोलन के नेता थे ।

(3) वे अनुशासन प्रिय थे ।

(4) सभी के प्रति उनकी समान दृष्टि व व्यवहार था ।

**94. महावीर, बुद्ध, क्राइस्ट, नानक व गाँधीजी में क्या समानता है ?**

(1) सभी धर्मगुरु हैं ।

(2) सभी संन्यासी हैं ।

(3) सभी भारत में जन्मे हैं ।

(4) सभी ने मानव-कल्याण किया ।



DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**95. कौन सा शब्द भिन्न है ?**

(1) मित्रता

(2) मनुष्यता

(3) मित्र

(4) वीरता

**96. सही शब्द चुनिए –**

**सबके प्रति _____ दृष्टि का भाव और व्यवहार होना चाहिए ।**

(1) सामान्य

(2) समान

(3) भिन्न

(4) अलौकिक

**97. 'अपना–पराया' में समास है –**

(1) द्विगु

(2) तत्पुरुष

(3) द्वंद्व

(4) अव्ययीभाव

**98. हमें किसके अनुसार फल मिलता है ?**

(1) समाज

(2) व्यवहार

(3) बुद्धि

(4) वंश

**99. शांति को कहाँ पाया जा सकता है ?**

(1) स्वयं में

(2) परिवार में

(3) समाज में

(4) धर्म में

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 100 से 105 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

देशवासियों सुनो देश को नमन करो
देश ही आधार है, प्यार देश से करो ।

लड़ रहे हो आज क्यों छोटी–छोटी बात पर,
देश हित को भूलकर प्रांत, भाषा, जात पर,
मिटा के भेदभाव को, देश को सुदृढ़ करो ।

भ्रष्टाचार की लहर उठ रही नगर–नगर,
घोर अंधकार में सूझती नहीं डगर,
ज्योति नीति–धर्म की आज तुम प्रखर करो ।

देश आज रो रहा, देश का रुदन सुनो,
बाँट दर्द देश का, मित्र देश के बनो
प्रेम के पीयूष से, द्वेष का शमन करो ।

**100. कविता में नीति–धर्म की ज्योति प्रखर करने के लिए कहा गया है, ताकि –**

(1) देश को प्रेम किया जा सके ।

(2) देश का दर्द बाँटा जा सके ।

(3) आपसी भेदभाव दूर किया जा सके ।

(4) भ्रष्टाचार को दूर किया जा सके ।

**101. 'देश आज रो रहा है ।' पंक्ति का आशय है –**

(1) देश में शांति का वातावरण है ।

(2) देश में अशांति का वातावरण है ।

(3) देश के नागरिक रो रहे हैं ।

(4) देश में बाढ़ आई है ।



DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**102. द्वेष का शमन किया जा सकता है –**

(1) प्रेम द्वारा

(2) नीति द्वारा

(3) धर्म द्वारा

(4) शासन द्वारा

**103. 'पीयूष' का विलोम शब्द है –**

(1) क्षीर

(2) नीर

(3) अमृत

(4) विष

**104. 'भ्रष्टाचार' का संधि–विच्छेद है –**

(1) भ्रष्टा + चार

(2) भ्रष्ट + चार

(3) भ्रष्ट + आचार

(4) भ्रष्ट + अचार

**105. कविता के अनुसार देश को सुदृढ़ किया जा सकता है –**

(1) देश हित को भूलकर

(2) समस्त भेदभाव दूर करके

(3) देश को नमन करके

(4) देशभक्ति के गीत गाकर

**निर्देश – नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :**

**106. कक्षा एक में लिखना _____ से प्रारंभ होता है ।**

(1) अक्षर लिखने

(2) चित्र बनाने

(3) वाक्य लिखने

(4) शुरू से

**107. भाषा कौशलों के बारे में आप किस विचार से सहमत हैं ?**

(1) ये एक निश्चित क्रम में सीखे जाते हैं ।

(2) ये एक–दूसरे से अंत:संबंधित होते हैं ।

(3) ये एक–दूसरे को प्रभावित नहीं करते ।

(4) ये सभी एक साथ नहीं सीखे जा सकते ।

**108. पाठ्य–पुस्तकों में रचनाएँ एक वातावरण निर्मित करती हैं और अभ्यास प्रश्न उन्हें _____, उनसे गहराई से _____ और व्यापक अनुभव–स्तर से _____ का मौका देते हैं ।**

(1) परखने, जुड़ने, तादात्म्य

(2) जानने, जूझने, जुड़ने

(3) परखने, जूझने, तादात्म्य

(4) जानने, परखने, जुड़ने

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**109. स्किनर के अनुसार –**

(1) भाषा परिवेश से सीखी जाती है ।

(2) भाषा अंत:क्रिया से सीखी जाती है ।

(3) भाषा सीखना एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है ।

(4) भाषा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है ।

**110. प्राथमिक स्तर की पाठ्य–पुस्तक में दिए गए प्रश्न को ध्यान से पढ़िए –**

**'अगर तुम पापा की जगह होतीं तो ठेला कहाँ लगातीं ?' ऐसा तुमने क्यों तय किया ?**

**यह प्रश्न किससे जुड़ा है ?**

(1) विभिन्न व्यवसायों से

(2) अनुभवों की अभिव्यक्ति से

(3) चिंतन क्षमता के विस्तार से

(4) परिवार की जानकारी से

**111. हिंदी भाषा का आकलन करते समय आप किस बिंदु को सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?**

(1) सहज अभिव्यक्ति

(2) आलंकारिक भाषा

(3) भाषा की संरचना

(4) व्याकरण सम्मत भाषा

**112. प्राथमिक स्तर पर पढ़ना सिखाने की शुरुआत करने के लिए आप किस सामग्री को सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?**

(1) अक्षर–ज्ञान

(2) वर्णमाला

(3) शुद्ध उच्चारण

(4) रोचक कहानी

**113. सलमा पहली कक्षा में पढ़ती है । वह 'किताब' शब्द को 'कतब' लिखती है । सलमा का लिखने का यह तरीका _____ को दर्शाता है ।**

(1) अज्ञानता

(2) स्व–वर्तनी

(3) नियंत्रित लेखन

(4) लापरवाही

**114. सामाजिक अंत:क्रिया से भाषा सीखने का समर्थन _____ ने किया है ।**

(1) स्किनर

(2) पियाजे

(3) वाइगोत्स्की

(4) चॉम्स्की

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE

DOWNLOADED FROM : https://cbseportal.com/CTET/papers



**115. द्विभाषिकता और _____ उपलब्धियों का गहरा सकारात्मक संबंध पाया जाता है।**

(1) व्यावसायिक

(2) विद्वत

(3) साहित्यिक

(4) वैज्ञानिक

**116. प्राथमिक स्तर पर पढ़ाते समय आप हिंदी भाषा संबंधी किस पक्ष पर सर्वाधिक बल देंगे ?**

(1) व्याकरणिक नियम

(2) व्याकरण–ज्ञान

(3) भाषा–ज्ञान

(4) भाषा–प्रयोग

**117. मौखिक भाषा का आकलन _____ पर सर्वाधिक बल देता है।**

(1) उच्चारणगत शुद्धता

(2) विचारों की क्रमबद्धता

(3) धाराप्रवाह की तीव्रता

(4) संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग

**118. हम भाषा के माध्यम से _____ और _____ भी करते हैं।**

(1) सोचते, विचार

(2) अनुभव, महसूस

(3) चिंतन, विचरण

(4) सोचते, महसूस

**119. हिंदी भाषा सीखने–सिखाने का दायरा इतना बड़ा होना चाहिए कि _____ से उसका नाता न टूटे।**

(1) व्याकरण सीखने

(2) भाषा–प्रयोग

(3) भाषा की परिभाषा

(4) व्याकरण रटने

**120. प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने–सिखाने में बाल साहित्य मदद करता है, क्योंकि –**

(1) वह सरल होता है।

(2) वह रंगीन चित्रों वाला होता है।

(3) वह भाषा की रंगतें प्रस्तुत करता है।

(4) वह बच्चों के लिए है।

Download FREE CBSE E-BOOKS FREE! CLICK HERE